तांदूला मुख्य नहर से कुरूद के प्रमुख निस्तारी तालाब में पानी भरने की कवायद

भिलाईनगर / तांदुला मुख्य नहर जो जामुल एसीसी के पास से होकर गुजरता है वहां से निस्तारी तालाबों को भरा जा रहा है , वहीं कुरूद का प्रमुख निस्तारी तालाब नकटा तालाब है। इसे भरने के लिये तांदुला मुख्य केनाल से पानी माइनर केनाल में छोड़ा जा रहा है। जिससे की कुरूद क्षेत्र का नकटा तालाब भर सके। तांदुला मुख्य नहर से वैशालीनगर क्षेत्र का घासीदास नगर के तालाब को भरा जा चुका है। अब इसके बाद नकटा तालाब को भरने के लिये तांदुला मुख्य केनाल का उपयोग किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण करने निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एसीसी चौक के समीप राजीव नगर के आखिरी छोर में पहुंचे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कुरूद के नकटा तालाब में पानी भरने उचित संसाधनों का उपयोग करते हुये शीघ्र निस्तारी तालाब में पानी की उपलब्धता करावे।

उल्लेखनीय है कि तांदुला से पानी सप्लाई नहर के लिये बंद हो गई है , जिससे नहर में पानी का प्रेशर कम है ऐसी दशा में नहर के भीतर आड़ी लगाकर पानी को माइनर केनाल में डाईवर्ट किया गया है, पानी नकटा तालाब में शीघ्र पहुंचे इसलिये मोटर पंप का भी सहारा लिया जा रहा है। तांदुला केनाल से शहर के कई प्रमुख निस्तारी तालाबों को भरा जा चुका है। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सत्येन्द्र सिंह , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा एवं टीके रणदिवे , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर एवं कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता बसंत साहू , पुरूषोत्तम सिन्हा, शंकरसुमन मरकाम, निखत सबरीन सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।